मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 21.31 करोड़ रुपए की राशि का किया ऑनलाईन अंतरण

चर्चा में क्यों?

5 जून, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के ऑनलाइन अंतरण के लिये आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों के खाते में ऑनलाईन 21.31 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की।

प्रमुख बिंदु

- इस राशि में 16 मई से 31 मई तक गौठानों से क्रय किये गए गोबर के एवज में ग्रामीण पशुपालकों के 4.91 करोड़ रुपए तथा गौठान समितियों के 8.98 करोड़ एवं स्व-सहायता समूहों के 6.29 करोड़ रुपए की लाभांश राशि तथा गौठान समितियों के अध्यक्षों और सदस्यों के मानदेय की 1.13 करोड़ रुपए की राशि शामिल है।
- गौरतलब है कि गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को इस राशि को मिलाकर अब तक 538 करोड़ 89 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। इसमें से योजना के प्रारंभ होने के बाद से अब तक गोबर विक्रेताओं को 237.28 करोड़ रुपए तथा स्व- सहायता समूहों एवं गौठान समितियों को 223.60 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।
- मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में स्वावलंबी गौठान समिति के अध्यक्षों और सदस्यों को मिलाकर समिति के कुल 21 हज़ार 360 सदस्यों की मानदेय की 1.13 करोड़ रुपए की राशि जारी की। स्वावलंबी गौठान समिति के अध्यक्ष को 750 रुपए और अशासकीय सदस्यों को 500 रुपए का मानदेय दिया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश में 10 हज़ार 409 गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है, इनमें से 98 प्रतिशत, 10 हज़ार 235 गौठानों का निर्माण पूरा हो गया है।
- 4 हज़ार 584 गौठान ऐसे हैं, जिन्होंने पिछले 15 दिनों में 30 क्विंटल या उससे अधिक गोबर की खरीदी की है। इससे पूर्व के पखवाड़े की तुलना में इतनी अधिक मात्रा में गोबर खरीदने वाले गौठानों की संख्या में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार पिछले वर्ष 16 से 31 मई, 2022 की तुलना में इस वर्ष इसी अवधि में गोबर खरीदी में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- प्रदेश के 05 हज़ार 911 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं। इन गौठानों द्वारा अब तक गोबर खरीदी के एवज में कुल 53 करोड़ 80 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। आज गोबर खरीदी के एवज में जारी की गई 04 करोड़ 91 लाख रुपए की राशि में से 03 करोड़ 05 लाख रुपए का भुगतान स्वावलंबी गौठानों द्वारा तथा विभाग द्वारा 01 करोड़ 86 लाख रुपए का भुगतान किया गया है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों में चल रही विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से 15 हज़ार 905 स्व सहायता समूहों की 01 लाख 89 हज़ार 614 सदस्यों को अब तक 144 करोड़ 22 लाख रुपए की आय हुई है।
- श्री बघेल ने कहा कि गोधन न्याय योजना का एक उद्देश्य पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन करना भी है। राज्य सरकार द्वारा सुराजी गाँव योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, वृक्ष संपदा योजना, कृष्ण कुंज योजना, नदी तट वृक्षारोपण, फलदार पौधा रोपण जैसी योजनाओं के माध्यम से अपने पर्यावरण को लगातार बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है।

//


PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-transfers-rs-21-31-crore-online-to-beneficiaries-of-godhan-nyay-yojana